# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग, पटना

S7HD3

# सत्रान्त परीक्षा, 2017–18

## कक्षा – सप्तम

क्र० सं० 2617

## हिन्दी

समय– 2:30 घंटे ] [ पूर्णांक–80

सामान्य निर्देश –

इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं– क, ख, ग, घ ।

खण्ड क – पाठ्य-पुस्तक व पूरक पाठ्य-पुस्तक ।

खण्ड ख – व्याकरण

खण्ड ग – लेखन

खण्ड घ – अपठितबोध

चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

यथासंभव प्रत्येक खंड का उत्तर क्रमशः दीजिए ।

## खण्ड–क (पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

अरे हाँ ! जॉर्ज को बुखार है ना ! उसे रमन ने यह सूचना दी थी । उसने मल्लिका को सब बताया था । जॉर्ज का घर रमन के घर के रास्ते में पड़ता है । अप्पू कक्षा की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है, मास्टर जी । उसने हड़बड़ी में पुस्तक खोल कर सामने रख ली । रेलगाड़ी का सब कथा । रेलगाड़ी-रेलगाड़ी । पृष्ठ सैंतीस । घर पर उसने यह पाठ पढ़ लिया है ।

मास्टर जी बीच-बीच में बेंत से मेज ठोकते हुए ऊँची आवाज में कह रहे थे- ''बच्चो ! तुम में से कइयों ने रेलगाड़ी देखी होगी । उसे भाप की गाड़ी भी कहते हैं, क्योंकि उसका यंत्र भाप की शक्ति से ही चलता है । भाप का मतलब पानी से निकलती भाप से है । तुम लोगों के घरों के चूल्हे में भी .. ।''

Scanned by CamScanner

(क) जॉर्ज के स्कूल न आने का क्या कारण था ?

(ख) अप्पू का ध्यान कक्षा की ओर क्यों नहीं था ?

(ग) मास्टर जी ने भाप का मतलब क्या बताया ?

(घ) निर्देशानुसार रिक्त स्थान भरिए –

उसने ............... खोल कर सामने रख ली । (पुस्तक शब्द का वचन बदल कर लिखिए)

(i) पुस्तक (ii) पुस्तकों (iii) पुस्तकें (iv) पुस्तकीय

(ङ) पुस्तक में कौन-सा पाठ खुला था ?

(i) भाप का (ii) पानी का (iii) यंत्र का (iv) रेलगाड़ी का

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

अचानक-बोला मोर !  
जैसे किसी ने आवाज दी ।  
'सुनते' हो ।  
चिलम औंधी धुआँ उठा-सूरज डूबा अँधेरा छा गया ।

(क) मोर की आवाज सुनकर कैसा लगा ?

(ख) चिलम क्यों औंधी हो गई ?

(ग) आवाज़ देने के बाद वातावरण में क्या-क्या परिवर्तन हुआ ?

(घ) धुआँ उठने का कारण था –

(i) आग जलना (ii) सूरज चमकना (iii) रात होना (iv) चिलम उलटना

(ङ) मोर ने किसे आवाज दी होगी ?

(i) किसान को (ii) सूरज को (iii) धुएँ को (iv) चिलम को

Scanned by CamScanner

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2×4=8

(क) खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?

(ख) लाल रक्त कणों का आकार किस मिठाई के समान होता है ? यह रक्त में कितनी संख्या में पाए जाते हैं ?

(ग) लेटरबाक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे ?

(घ) देवव्रत का नाम भीष्म कैसे पड़ा ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर संक्षेप में दीजिए – 2×3=6

(क) आँख में तिनका पड़ने पर घमंडी कवि की क्या दशा हुई ?

(ख) माधव दास चिड़िया को उलझाकर क्यों रखना चाहता था ?

(ग) ''मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है'' धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है ?

(घ) श्रीकृष्ण ने अर्जुन के मन में उत्पन्न मोह कैसे दूर किया ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से दीजिए – 5

(क) ''खान-पान की बदलती तसवीर'' पाठ के आधार पर बताइए कि फास्ट-फूड खाने से स्वास्थ्य को क्या-क्या हानियाँ हो सकती हैं ?

(ख) दु:शासन के साथ युद्ध में भीम ने अपनी प्रतिज्ञा किस तरह पूरी की ?

## खण्ड–ख (व्याकरण)

6. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दीजिए – 1×5=5

(क) मैं कल कोलकाता जाऊँगा । (संज्ञा शब्द छाँटकर भेद बताइए)

(ख) मुझे साफ-सुथरा घर पसंद है । (सर्वनाम छाँटिए)

(ग) गमले में लाल गुलाब है । (विशेषण छाँटिए)

(घ) सोहन हॉकी खेल रहा है । (क्रिया छाँटिए)

(ङ) <u>माली ने</u> पौधों में पानी दिया । (रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है ?)

Scanned by CamScanner

7. उचित शब्द का चयन कर के रिक्त स्थानों को भरें – 1×5=5

(क) वह एक बहुत बड़ी ............. है । (इमारतें / इमारत)

(ख) ............. पढ़ा रही है । (अध्यापिका / अध्यापक)

(ग) मोहन ............. कल जाना है । (से / को)

(घ) तकनीकी के क्षेत्र में विज्ञान ने बहुत ............. कर ली है । (उन्नति / अवनती)

(ङ) मंदिर में ............. पूजा कर रहे हैं । (पुजारिन / पुजारी)

8. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

(क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

(i) पक्षी (ii) पेड़

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

(i) पाप (ii) जय

(ग) निम्नलिखित शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए –

(i) जिसकी कोई सीमा न हो (ii) जो देखने योग्य हो ।

(घ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ वाक्य बनाकर समझाएँ –

(i) चोर की दाढ़ी में तिनका (ii) जैसी करनी वैसी भरनी

(ङ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ वाक्य बनाकर समझाएँ –

(i) मुँह में पानी भर आना (ii) हवा से बातें करना

## खण्ड–ग (लेखन)

9. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्न में से किसी एक विषय पर 100 से 120 शब्दों में निबंध लिखिए – 10

इंटरनेट – लाभ एवं हानि

संकेत बिंदु – *भूमिका *उपयोगिता *इंटरनेट से लाभ *इंटरनेट से हानि *उपसंहार

Scanned by CamScanner

**अथवा**

स्वच्छता अभियान में बच्चों का योगदान

संकेत बिंदु– *भूमिका *जरूरत *कार्यक्रम *स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत *बच्चों का योगदान *उपसंहार

10. विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव के बारे में बताते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

अपने विद्यालय में खेल के मैदान व खेल सामग्री का उचित प्रबंध करने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

11. दीपावली के अवसर पर मेले में सामान व उपहार खरीदने के लिए गए दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप से लिखिए। 5

## खण्ड–घ (अपठितबोध)

12. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

डेंगू एक वायरस से होता है। यह मच्छर के द्वारा फैलता है। डेंगू मादा एडीज इजिप्टी मच्छरों के काटने से होता है। इस रोग में तेज बुखार के साथ शरीर में से रक्तस्राव होता है। डेंगू को ब्रेक-बोन के नाम से भी जाना जाता है।

डेन-1, डेन-2, डेन-3 और डेन–4 डेंगू के वायरस हैं। अगर किसी को डेंगू है और कोई मच्छर उस मरीज का खून पीता है, तो डेंगू का वायरस उसमें चला जाता है। फिर जब किसी स्वस्थ व्यक्ति को यह मच्छर काटता है, तो डेंगू का वायरस उसमें चला जाता है। इस मच्छर को वेक्टर कहते हैं और इससे फैलने वाली बीमारी को वेक्टरबोर्न डिसीज़ कहते हैं।

(i) डेंगू किसके कारण फैलता है ? यह किस मच्छर के काटने से होता है ?

(ii) डेंगू के कितने वायरस हैं ? नाम बताइए।

(iii) डेंगू वायरस फैलाने वाले मच्छर को क्या कहते हैं तथा इस वायरस के कारण होने वाली बीमारी क्या कहलाती है ?

(iv) रिक्त स्थानों में सही उत्तर का चयन कर के लिखिए –

डेंगू वारयरस से .............. तथा .............. होता है।

(क) बुखार, पेट दर्द (ख) बुखार, रक्तस्राव (ग) सिर दर्द, पेट दर्द (घ) चक्कर आना, पेट दर्द

Scanned by CamScanner

(v) 'मादा' और 'स्वस्थ' शब्दों के विलोम शब्द हैं –

(क) स्त्री, अस्वस्थ (ख) स्त्री, कुशल (ग) नर, अस्वस्थ (घ) नर, कुशल ।

13. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

स्वच्छ भारत अभियान भारत को गंदगी रहित बनाने का एक ऐसा अभियान है, जो भारत सरकार द्वारा नगर की आधारभूत संरचना, सड़कें, पैदल मार्ग की साफ-सफाई आदि का कार्य करने के लिए आरंभ किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर, 2014 को गाँधी जयंती के दिन नई दिल्ली के राजघाट पर की। इस अभियान में कई स्कूल और कॉलेजों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अभियान में प्रधानमंत्री ने नौ हस्तियों के नाम दिए और उन नौ लोगों से आग्रह किया कि वह अपनी ओर से नौ व्यक्तियों को चुनें, जो इस मिशन को आगे बढ़ाए। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों को स्वास्थ्यप्रद शौचालय प्रदान करना, साफ-सफाई को लेकर लोगों को जागरूक बनाना, सफाई के प्रति लोगों की सोच में बदलाव लाना है तथा इसका एक और लक्ष्य भारत के प्रत्येक व्यक्ति को इस मिशन से जोड़ना है।

(i) स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कब की गई ?

(क) 2 नवम्बर, 2014 (ख) 2 अक्टूबर, 2014

(ग) 2 अक्टूबर, 2013 (घ) 5 अक्टूबर, 2014

(ii) स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत किसके द्वारा की गई ?

(क) राष्ट्रपति द्वारा (ख) स्कूल के बच्चों द्वारा

(ग) प्रधानमंत्री द्वारा (घ) गरीबों द्वारा

(iii) इस मिशन का मुख्य लक्ष्य क्या है ?

(क) स्वास्थ्यप्रद शौचालय प्रदान करना (ख) साफ-सफाई की जागरूकता

(ग) लोगों की सोच में बदलाव लाना (घ) उपरोक्त सभी

(iv) इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ने कितने लोगों को चुना या नामित किया ?

(क) 9 लोग (ख) 5 लोग

(ग) 8 लोग (घ) 6 लोग

Scanned by CamScanner

(v) स्वच्छ का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(क) सफेद (ख) गंदा (ग) साफ (घ) काला

4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

वह पावस का प्रथम दिवस जब
पहली बूँद धरा पर आई ।
अंकुर फूट पड़ा धरती से,
नव-जीवन की ले अंगड़ाई
धरती के सूखे अधरों पर,
बूँद गिरी अमृत-सी आ कर ।
बसुंधरा की रोमावलि सी
हरी दूब पुलकी मुसकाई
पहली बूँद धरा पर आई ।
आसमान में उड़ता सागर
लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर
बजा नगाड़े जगा रहे हैं,
बादल धरती की तरूणाई ।
पहली बूँद धरा पर आई ।

(i) काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ?

(क) ग्रीष्मऋतु का (ख) वर्षाऋतु का (ग) शरद्ऋतु का (घ) वसंतऋतु का

(ii) धरती पर आई बूँद की तुलना इनमें से किससे की गई है ?

(क) पवित्र जल से (ख) शीतल जल से (ग) नवजीवन से (घ) अमृत से

Scanned by CamScanner

(iii) धरती की रोमावली किसे कहा गया है ?

(क) पहली बूँद को (ख) घास-फूँस को (ग) पेड़ों को (घ) हरी दूब को

(iv) आसमान में उड़ते बादलों ने किसके पर लगा रखे हैं ?

(क) पक्षियों के (ख) आसमान के (ग) बिजलियों के (घ) हवा के

(v) 'आसमान' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा नहीं है ?

(क) गगन (ख) शून्य (ग) जलधर (घ) अंबर

❄❄❄❄

Scanned by CamScanner